卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्यय सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 231 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦28 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# भाजपा ने चार राज्यों में बदले प्रदेश अध्यक्ष

## दिल्ली में हर्ष मल्होत्रा, पंजाब में केवल सिंह और हरियाणा में अर्चना गुप्ता को कमान

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए चार राज्यों के नए प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और त्रिपुरा में नए प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए हैं। भाजपा ने दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा को सौंपी है। वह केंद्र सरकार में परिवहन मंत्रालय में राज्यमंत्री के पद पर भी कार्यरत हैं। अब तक यह जिम्मेदारी वीरेंद्र सचदेवा संभाल रहे थे।



पार्टी ने पंजाब में सरदार केवल सिंह ढिल्लों को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। केवल सिंह ढिल्लों बरनाला से दो बार विधायक रह चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2022 में भाजपा प्रत्याशी के रूप में संगरूर लोकसभा उपचुनाव और बरनाला विधानसभा उपचुनाव में भी चुनाव लड़ा था। (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष आज शाम दून में

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन पहली बार तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर आ रहे हैं। वर्ष 2027 में प्रस्तावित विधानसभा चुनावों को देखते हुए उनका यह दौरा राजनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दौरे के दौरान वे प्रदेश संगठन, मंत्रिमंडल, सांसदों, विधायकों एवं बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न बैठकों में शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश मुख्यालय को उनके स्वागत के लिए विशेष रूप से सजाया गया है। कार्यक्रम के अनुसार नितिन नवीन आज शाम करीब छह बजे भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचेंगे, जहां वे सबसे पहले भाजपा की कोर कमेटी के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद प्रदेश मंत्रिमंडल के साथ भी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। 29 मई को राष्ट्रीय अध्यक्ष टपकेश्वर महादेव (शेष पृष्ठ सात पर)

# चारधाम यात्रा से लौट रहे दो तीर्थयात्रियों की संदिग्ध मौत

देवप्रयाग (उद संवाददाता)। चारधाम यात्रा पर आए महाराष्ट्र के दो तीर्थयात्रियों की देवप्रयाग क्षेत्र में संदिग्ध मौत हो गई। एक ही दल के दो यात्रियों की मौत से सहयात्रियों और परिजनों में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। देवप्रयाग पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र के परभणी जिले से आठ लोगों का एक दल चारधाम यात्रा पर आया था। दल बदरीनाथ धाम के दर्शन कर वापस लौट रहा था। बुधवार को यात्रा मार्ग पर मूल्यगांव के पास अचानक यात्री किशन नरहरी पुत्र नरहरी निले निवासी लोहीग्राम, महाराष्ट्र के सीने में तेज दर्द होने लगा। सहयात्रियों ने तत्काल 108 आपातकालीन सेवा की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागी देवप्रयाग पहुंचाया। अस्पताल की प्रभारी डॉ. दिव्या ने बताया कि मरीज को तत्काल सीपीआर दिया गया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी और चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। किशन नरहरी की मौत की पुष्टि होने के बाद सहयात्री वापस वाहन की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कुछ लोग घबराई हालत में अस्पताल (शेष पृष्ठ सात पर)

# अग्निकांड में दो मकान राख,लाखों का नुकसान

## फायर यूनिट किच्छा की तत्परता से टला बड़ा हादसा

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी जिले के मोरी प्रखंड और भटवाड़ी तहसील क्षेत्र में देर रात हुए दो अलग अलग अग्निकांडों में दो दोमंजिला आवासीय भवन पूरी तरह जलकर राख हो गए। हादसों में घरेलू सामान, नगदी, कपड़े और दैनिक उपयोग की वस्तुएं नष्ट हो गईं, जबकि एक गांव में दो पशुओं की भी आग की चपेट में आकर मौत हो गई। घटनाओं के बाद दोनों गांवों में शोक और चिंता का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार मोरी प्रखंड के देवती गांव में मंगलवार देर रात करीब



डेढ़ बजे कल्लु पुत्र पचीया के दोमंजिला मकान में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि रसोईघर से उठी चिंगारी ने देखते ही देखते पूरे भवन को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख परिवार के लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बाल्टियों तथा अन्य संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि आग इतनी तेजी से फैली कि पूरा मकान जलकर राख हो गया। आग बुझाने के प्रयास में मकान स्वामी कल्लू आंशिक रूप से झुलस गया। वहीं दूसरी घटना भटवाड़ी तहसील के गोरसाली गांव में हुई, जहां बुधवार देर रात करीब (शेष पृष्ठ सात पर)

# गैस लीकेज से भड़की आग,चार लोग झुलसे

## देवती और गोरसाली गांव में देर रात लगी भीषण आग से हड़कंप

किच्छा। नगर के नालंदा स्कूल के पास स्थित भारत गैस एजेंसी परिसर में बुधवार रात्रि गैस लीकेज के चलते आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। फायर यूनिट किच्छा की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार रात्रि करीब



8:12 बजे फायर यूनिट किच्छा को सूचना मिली कि नालंदा स्कूल के पास एक मकान में आग लग गई है। सूचना मिलते ही फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि भारत गैस एजेंसी के गैस गोदाम के कार्यालय के ऊपर बने कमरे में एलपीजी गैस सिलेंडर से गैस लीकेज होने के कारण आग लगी थी। आग लगने से कमरे में मौजूद चार लोग मुनिस पुत्र ननकू प्रसाद, प्रिंस पुत्र मुनीश, अन्नू देवी तथा संजीव झुलस गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर (शेष पृष्ठ 7 पर)

# पाकिस्तान से करोड़ों के संदिग्ध लेनदेन में रूड़की से युवती गिरफ्तार

हरिद्वार (उद संवाददाता)। जम्मू कश्मीर स्पेशल टास्क फोर्स ने पाकिस्तान से जुड़े करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेनदेन के मामले में हरिद्वार जनपद के पिरान कलियर क्षेत्र से एक युवती को हिरासत में लिया है। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप का माहौल बना हुआ है। जांच एजेंसियां मामले से जुड़े नेटवर्क की गहन पड़ताल में जुटी हैं। जानकारी के अनुसार जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले के लखनपुर क्षेत्र से कुछ दिन पूर्व एक युवक को गिरफ्तार किया गया था। उस पर पाकिस्तान के जरिए करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेनदेन का आरोप है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने रुड़की के पिरान कलियर क्षेत्र स्थित कोटा मुरादनगर आसफनगर निवासी 26 वर्षीय युवती सोनम का नाम बताया था। मामले में कार्रवाई करते हुए जम्मू कश्मीर पुलिस ने पिरान कलियर पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद बुधवार को संयुक्त टीम ने गांव में दबिश दी। बताया जा रहा है कि पुलिस को युवती की पहचान सुनिश्चित करने में करीब ढाई घंटे का समय लगा। पहचान होने के बाद युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई। हरिद्वार के एसपी देहात शेखर चंद सुयाल ने बताया कि मामला पाकिस्तान से जुड़े संदिग्ध वित्तीय लेनदेन से संबंधित है और जांच एजेंसियां (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखण्ड सौर ऊर्जा क्षेत्र में बना देश का अग्रणी राज्यःधामी

## मुख्यमंत्री ने किया 'सौर जागरूकता स्मारिका पुस्तिका' का विमोचन

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में काउंसिल ऑन एनर्जी, इन्वायरमेन्ट एण्ड वॉटर द्वारा तैयार की गई 'सौर जागरूकता स्मारिका पुस्तिका' का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्य मंत्री ने इसे उत्तराखण्ड के उज्ज्वल, आत्मनिर्भर एवं हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में पूरा विश्व




जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे दौर में सौर ऊर्जा केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में संचालित पीएम सूर्य घर योजना के तहत उत्तराखण्ड ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जो अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 40 हजार रूफटॉप सोलर संयंत्रों का प्रारंभिक लक्ष्य तय समय से पहले पूरा कर लिया गया है तथा कुल निर्धारित लक्ष्य का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तराखण्ड आज देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 से अब तक मात्र दो वर्षों में राज्य ने सौर ऊर्जा क्षमता में लगभग दस गुना वृद्धि (शेष पृष्ठ सात पर)

# शांतिपूर्वक मनी बकरीद,अमन चैन की मांगी दुआएं

रूद्रपुर/गदरपुर (उद संवाददाता) मुस्लिम समाज द्वारा आज ईद उल अजहा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर आज प्रातः नगर की विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अता की गई। मुख्य नमाज मौहल्ला खेड़ा स्थित ईदगाह में आयोजित हुई जहां जामा मस्जिद के इमाम दानिश रजा मिसवाही ने ईद की नमाज अता करवा कर देश व समाज में भाईचारा, अमन चैन व खुशहाली दुआयें की। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे के गले मिल ईद की मुबारकबाद दी। ईद उल अजहा (बकरीद) पैगम्बर इब्राहिम द्वारा अल्लाह के प्रति दिखाये गये सर्वोच्च त्याग और समर्पण की याद में मनाया जाता है। इस्लामिक मान्यता के अनुसार जब अल्लाह ने इब्राहिम की परीक्षा लेने के लिए उनके सबसे प्रिय पुत्र इस्माईल की कुर्बानी मांगी तो वह तैयार हो गये। जब इब्राहिम ने अपने आंखों की पट्टी हटाई तो देखा कि इस्माईल बिल्कुल सुरक्षित खड़े थे और उनकी जगह पर एक मेमने की (शेष पृष्ठ सात पर)





## चारों कुर्बानी स्थलों पर रही पैनी नजर

रूद्रपुर। ईद उल अजहा पर्व के मौके पर नगर के सभी निर्धारित चारों कुर्बानी स्थलों पर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की पैनी नजर बनी रही। कुर्बानी स्थलों के बाहर एसएसबी व पुलिस टीम तैनात रही तो वहीं नियुक्त किये गये सेक्टर मजिस्ट्रेट भी हर गतिविधियों पर पूरी निगाह रखे रहे। इस दौरान ड्रोन कैमरे से भी कुर्बानी स्थलों की वीडियोग्राफी की जाती रही। नगर के चार स्थलों खेड़ा, सीरगोटिया, आदर्श कालोनी व सुभाष कालोनी में निर्धारित स्थलों पर कुर्बानी के लिए स्थान चिन्हित किये गये थे। जहां आज प्रातः ईद की नमाज के पश्चात मुस्लिम समाज द्वारा उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप पशु की कुर्बानी की गई। इस मौके पर जिन अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया उनमें खेड़ा में जिला सैनिक कल्याण व पुर्नवास अधिकारी, सीरगोटिया में जिला पंचायत राज अधिकारी, सुभाष कालोनी में उप श्रमायुक्त व आदर्श कालोनी में जिला समाज कल्याण अधिकारी अपनी जिम्मेवारी को बखूबी निभाते दिखे। सभी कुर्बानी स्थलों की ड्रोन की मदद से वीडियोग्राफी भी कराई गई। वहीं पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे।

# सोलह वर्षों बाद भी 'पराश्रित' उत्तराखंड का 'गौ सेवा आयोग'

**स्थापना के सोलह सालों बाद भी आकार नहीं ले सका गौ सेवा आयोग का ढांचा, गौ सेवा आयोग को आज तक नहीं मिल सके अपने कर्मचारी, पशुधन विभाग के कर्मियों के सहारे जैसे तैसे खिसक रही आयोग की गाड़ी**

-अर्श-

देहरादून। गोवंश संरक्षण, संवधन और निराश्रित गायों के लिए गौ सदनों के प्रबंधन तथा गौशालाओं के निर्माण, उनकी क्षमता विस्तार, ईअर टैगिंग और गौवंश के प्रति अपराधों (गोकशी/अवैध परिवहन) पर नकेल कसने के उद्देश्य से राज्य में 2010 में बड़े जोर-शोर से स्थापित उत्तराखंड गो सेवा आयोग आज भी पूरी तरह पराश्रित है। वह इसलिए क्योंकि, स्थापना के सोलह साल बीत जाने के बाद भी आज तक आयोग का ढांचा तक नहीं बनाया जा सका है। गौ सेवा आयोग की बदहाली की तस्वीर कुछ ऐसी है की आयोग के पास अपने कर्मचारी तक नहीं हैं और वह पशुधन विभाग के कर्मियों से जैसे तैसे अपना काम चला रहा है। यद्यपि आयोग का ढांचा तय करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है , मगर इस प्रस्ताव पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। लिहाजा स्टाफ की कमी से आयोग का कामकाज प्रभावित हो रहा है। हालांकि, इसके बाद भी आयोग अपनी जिम्मेदारियों को पूरी करने की हर संभव कोशिश कर रहा है। राज्य में पंजीकृत 95 गौसदनों में इस समय करीब 17500 निराश्रित गौ वंश का पालन-पोषण हो रहा है तथा निराश्रित गो वंश को आश्रय और भोजन उपलब्ध कराने से लेकर बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में उनके समुचित इलाज की व्यवस्था भी की जा रही है लेकिन अपेक्षित सरकारी सहयोग के अभाव में गौ सेवा आयोग की चुनौतियां बड़ी होती जा रही हैं हाल ही में चम्पावत और अन्य जिलों में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान गौशालाओं में निर्माण कार्य की गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाओं (जैसे



चारा-पानी) को बेहतर बनाने की आवश्यकता महसूस की गई है। इसके अलावा सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर छोड़े गए निराश्रित पशुओं (बूढ़ी या दूध न देने वाली गायों) की दिनों दिन बढ़ती संख्या को भी आयोग ने एक बड़ी चुनौती माना है। हालांकि सरकार 70 नई गौशालाएं बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, मगर गौसदन बनाने के लिए उचित भूमि का चयन और लंबित प्रस्तावों का शीघ्र निस्तारण ना हो पाना आयोग के लिए एक बड़ी सिरदर्दी साबित होता है इसके अलावा राज्य में इस समय मौजूद गौशालाओं की क्षमता निराश्रित गौवंश की तुलना में काफी कम है। देखा जाए तो गौशालाओं के प्रबंधन और पशुओं के चारे के लिए सरकारी वित्तीय सहायता (लगभग 80 प्रति पशु) पर निर्भरता पहले की तरह बनी हुई है। इतने बड़े पैमाने पर पशुओं के भरण-पोषण के लिए निरंतर धन की व्यवस्था करना भी अपने आप में एक बड़ी चुनौती है।वैसे इन आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए उत्तराखंड सरकार गौशालाओं के लिए वित्तीय सहायता बढ़ा रही है और इसे अब 5.75 पैसे से बढ़ाकर लगभग 80 प्रति पशु कर दिया गया है, जो कि देश में सबसे अधिक है।

# रामनगर में शांतिपूर्ण माहौल में मनाई गई ईद उल अजहा

रामनगर (उद संवाददाता)। ईद उल अजहा यानी बकरीद का पर्व रामनगर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा कर देश में अमन चौन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। त्योहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला, वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आई। रामनगर स्थित ईदगाह में सुबह करीब साढ़े सात बजे शहर इमाम गुलाम मुस्तफा नईमी ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई। नमाज के दौरान बड़ी संख्या में नमाजी मौजूद रहे। इसके अलावा मोहल्ला खताड़ी स्थित बड़ी मस्जिद में सुबह सात बजे मुफ्ती अकील अहमद ने नमाज पढ़ाई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और मुल्क में शांति, भाईचारे तथा खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग कब्रिस्तानों में पहुंचे, जहां उन्होंने अपने परिजनों की मगफिरत के लिए फातिहा पढ़ी। इसके बाद धार्मिक परंपराओं के अनुसार कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। पूरे दिन शहर में ईद का उल्लास और सामाजिक सौहार्द का माहौल बना रहा। त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। कोतवाल सुशील कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल विभिन्न क्षेत्रों में तैनात रहा। पुलिस की मोबाइल टीमें मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में लगातार गश्त करती रहीं ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो सके। नगर पालिका प्रशासन भी व्यवस्थाओं को लेकर पूरी तरह सक्रिय रहा। पालिकाध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम और अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल के निर्देशन में शहरभर में विशेष साफ सफाई अभियान चलाया गया। एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने भी व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शहर इमाम गुलाम मुस्तफा नईमी ने कहा कि ईद का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और कुर्बानी का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि नमाज के दौरान देश में अमन चौन, भाईचारे और तरक्की के लिए विशेष दुआ की गई।



# मासिक धर्म महिलाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय: डा. सुजाता

रुद्रपुर। हर वर्ष 28 मई को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता, स्वास्थ्य और जागरूकता के प्रति प्रेरित करना है। इस अवसर पर संजय ऑर्थोपेडिक, स्पाइन एवं मैटरनिटी सेंटर की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजाता संजय ने कहा कि "ये दाग अच्छे हैं, बदलनी होगी सोच।" उन्होंने कहा कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इसे शर्म या संकोच से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि पूरे समाज के स्वास्थ्य से जुड़ा विषय है। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म महिलाओं के शरीर में होने वाली एक स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया है। हर महीने गर्भाशय की अंदरूनी परत बनती है और गर्भधारण न होने की स्थिति में रक्त के रूप में बाहर निकलती है। यह प्रक्रिया सामान्यत: 21 से 35 दिनों के चक्र में होती है और तीन



से सात दिनों तक चलती है। उन्होंने कहा कि पीरियड्स किसी बीमारी का संकेत नहीं बल्कि स्वस्थ प्रजनन तंत्र का हिस्सा हैं। डॉ. सुजाता ने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि इस दौरान शरीर अधिक संवेदनशील हो जाता है और यदि स्वच्छता का ध्यान न रखा जाए तो संक्रमण, खुजली और अन्य स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं। उन्होंने सुरक्षित सेनेटरी पैड, टैम्पोन या मेंस्ट्रुअल कप के उपयोग की सलाह देते हुए कहा कि पैड को समय-समय पर बदलना और हाथों की सफाई रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्रों में आज भी कई लड़कियाँ पुराने कपड़े या असुरक्षित चीजों का उपयोग करती हैं, जिससे गंभीर संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना समय की आवश्यकता है। डॉ. सुजाता संजय ने किशोरियों में जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि कई लड़कियों को पहला पीरियड आने से पहले इसकी सही जानकारी नहीं होती, जिससे वे मानसिक तनाव महसूस करती हैं। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की कि वे बेटियों को समय रहते सही जानकारी दें और स्कूलों में भी इस विषय पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने समाज में प्रचलित मिथकों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म के दौरान महिलाओं को मंदिर, रसोई या सामान्य गतिविधियों से दूर रखना वैज्ञानिक दृष्टि से गलत है। मासिक धर्म कोई अपवित्रता नहीं बल्कि महिलाओं के जीवन की सामान्य प्रक्रिया है। समाज को अपनी सोच बदलनी होगी ताकि महिलाएँ बिना भेदभाव और संकोच के स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन जी सकें। डॉ. सुजाता संजय ने कहा कि मासिक धर्म के प्रति जागरूकता और सही स्वच्छता अपनाकर महिलाएँ कई गंभीर बीमारियों से बच सकती हैं। उन्होंने सभी से इस विषय पर खुलकर बातचीत करने और समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने का आह्वान किया।

# टेंपो-टुकटुक चालकों ने आरटीओ कार्यालय में किया प्रदर्शन

रुद्रपुर। पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की लगातार बढ़ती कीमतों का असर अब आम जनता की जेब पर भी दिखाई देने लगा है। रुद्रपुर में सीएनजी टेंपो यूनियन ने टेंपो और टुकटुक के किराए में पांच से 10 रुपये तक की बढ़ोतरी कर दी है। नई किराया सूची सोमवार से लागू कर दी गई है, जिससे अब दैनिक यात्रियों को सफर के लिए अधिक भुगतान करना पड़ेगा। सीएनजी टेंपो यूनियन अध्यक्ष सुब्रत विश्वास के नेतृत्व में सैकड़ों टेंपो, टुकटुक और छोटे वाहन चालकों ने सोमवार को आरटीओ कार्यालय पहुंचकर घेराव किया तथा अपनी मांगों को लेकर आरटीओ अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। यूनियन का कहना है कि लगातार बढ़ती महंगाई और ईंधन की कीमतों के चलते वाहन संचालन करना बेहद मुश्किल हो गया है, जिसके कारण किराया बढ़ाने का निर्णय लेना पड़ा। बताया गया कि बीते शनिवार को यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से किराया वृद्धि का समर्थन किया। यूनियन अध्यक्ष सुब्रत विश्वास ने कहा कि सीएनजी, पेट्रोल और डीजल के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसके अलावा वाहन मरम्मत, टायर और रखरखाव का खर्च भी तेजी से बढ़ा है। ऐसे में टेंपो, टुकटुक और मैजिक चालकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि समाजसेवी होने के नाते उनकी जिम्मेदारी है कि वाहन चालकों की समस्याओं को गंभीरता से समझा जाए और उनके हितों की रक्षा की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किराया वृद्धि किसी दबाव में नहीं, बल्कि चालकों की आजीविका बचाने के उद्देश्य से की गई है। नई किराया सूची जल्द ही परिवहन विभाग को भी भेजी जाएगी। किराया बढ़ने से सबसे अधिक असर रोजाना टेंपो से सफर करने वाले यात्रियों पर पड़ेगा। यात्रियों का कहना है कि पहले से बढ़ती महंगाई के बीच किराए में वृद्धि से आम आदमी की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। हालांकि कुछ यात्रियों ने चालकों की मजबूरी को भी जायज बताया। नई किराया सूची के अनुसार डीडी चौक से ओमेक्स सिटी का किराया 15 रुपये, ओमेक्स सिटी से त्रिशूल चौक 20 रुपये, डीडी चौक से संजनगर खेड़ा 10 रुपये तथा डीडी चौक से पहाड़गंज का किराया 15 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं बिंदुखेड़ा मोड़, बत्रा कॉलोनी और पाल चौक अंदर तक का किराया 20 रुपये तय किया गया है। इस दौरान इंद्रपाल प्रजापति, पंकज, विवेक, रामकुमार, सुनील, रोहित, लालसिंह, वीरपाल, लखन, लेखराज, कृपाल, छोटेलाल, झुनझुन, अर्जुन नेगी, दीपक, विनोद, सतपाल, सुभाष, कालीचरण, जगदीश, मनोज, दलविंदर, मदन, मुकेश, अशोक, राहुल और सुनील हालदार सहित बड़ी संख्या में टेंपो चालक मौजूद रहे।



# आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली और पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण, मिशन वात्सल्य तथा मिशन शक्ति से संबंधित राज्य स्तरीय मूल्यांकन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने टेक होम राशन का शत प्रतिशत वितरण फेस रिकग्निशन सिस्टम के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं शीघ्र पूरी की जाएं ताकि वितरण प्रणाली अधिक पारदर्शी और प्रभावी बन सके। उन्होंने जिलास्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समितियों की बैठकें नियमित रूप से निर्धारित समय पर आयोजित करने के निर्देश दिए। उनका कहना था कि विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होने से योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का समय रहते समाधान किया जा सकेगा। मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जिन केंद्रों में अब तक बिजली और पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं है, उनकी सूची संबंधित विभागों को तत्काल उपलब्ध कराई जाए। आवश्यकता पड़ने पर इसके लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में मुख्य सचिव ने यह भी निर्देश दिए कि जिन आंगनबाड़ी केंद्रों के स्वयं के भवन नहीं हैं, वहां अनुपयोगी पुराने पंचायत भवनों का उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि नए पंचायत भवन बनने के बाद यदि पुराने भवन खाली पड़े हैं तो उन्हें आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन के लिए उपलब्ध कराया जाए। विभाग आवश्यक मरम्मत कर इन भवनों को उपयोग में लाए। वहीं असुरक्षित भवनों को ध्वस्त कर नए भवन निर्माण की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सभी राजकीय एवं स्वैच्छिक बाल देखरेख संस्थाओं का थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में प्रमुख सचिव अमित कुमार सिन्हा, सचिव चन्द्रेश कुमार यादव, डॉ. वी. षणमुगम, रणवीर सिंह चौहान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# किसानों को वैज्ञानिक भंडारण और वेयरहाउसिंग की दी जानकारी

गदरपुर (उद संवाददाता)। वेयरहाउसिंग डेवलपमेंट एंड रेगुलेटरी अथॉरिटी डब्ल्यूडीआरए द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय किसान जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गदरपुर में किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 किसानों ने प्रतिभाग कर वैज्ञानिक भंडारण, कृषि विपणन एवं वेयर हाउसिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को सुरक्षित एवं वैज्ञानिक भंडारण प्रणाली, बेहतर विपणन व्यवस्था तथा डब्ल्यूडीआरए पंजीकृत गोदामों की सुविधाओं के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान किसानों को वेयरहाउस का भ्रमण भी कराया गया, जहां उन्हें सुरक्षित भंडारण, गुणवत्ता संरक्षण एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान जयपुर के सलाहकार डॉ. राहुल सांखला ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान अपनी उपज को कम कीमत पर तत्काल बेचने के बजाय सुरक्षित भंडारण कर उचित समय का इंतजार करें, जिससे उन्हें बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने किसानों से डब्ल्यूडीआरए पंजीकृत वेयरहाउस में अपनी उपज रखने तथा वहां उपलब्ध योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लेने का आह्वान किया।




कार्यक्रम समृद्धि कृषक उत्पादक संगठन सहकारी समिति के सहयोग से आयोजित किया गया। समिति की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीमा रानी एवं अध्यक्ष त्रिलोक चंद कंबोज ने किसानों को वैज्ञानिक भंडारण, फसल प्रबंधन एवं कृषि विपणन के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुरक्षित भंडारण व्यवस्था अपनाकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। साथ ही किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं से जुड़ने की अपील की गई। कार्यक्रम में ऊधम सिंह नगर डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक की शाखा प्रबंधक सुमन देवी तथा उद्यान विभाग की बुशरा खातून भी मौजूद रहीं। उपस्थित किसानों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए कहा कि उन्हें वेयरहाउसिंग प्रणाली एवं वैज्ञानिक भंडारण के संबंध में नई और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। इस अवसर पर समिति के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स सुरजीत कुमार डाबर, हरनाम चंद, रश्मि रावत, अमलेश कोरंगा सहित अन्य अधिकारियों ने भी किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।


## आवश्यकता है

1. वाइस प्रिंसिपल – 01
2. एसोसिएट प्रोफेसर – 02
3. असिस्टेंट प्रोफेसर – 03
4. ट्यूटर – 10

(उक्त सभी नियुक्ति INC मानकानुसार की जाएगी)

अन्य स्टाफ:-

1. प्रशासनिक अधिकारी – 01
2. कार्यालय अधीक्षक – 01
3. व्यक्तिगत सहायक, प्राचार्य – 01
4. लेखाकार – 01
5. प्रवर सहायक – 01
6. कनिष्ठ सहायक – 01
7. स्टोर कीपर – 01

लाला शीलचन्द नर्सिंग कॉलेज, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर
संपर्क सूत्र- 7011499601, 8938886749


# द्वाराहाट में केंद्रीय विद्यालय को मिली मंजूरी

देहरादून (उद संवाददाता)। जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय विद्यालय संगठन के अपर आयुक्त दीपेश गहलोत द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। विद्यालय का संचालन शैक्षिक सत्र 2026-27 से शुरू किया जाएगा। जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए भूमि का हस्तांतरण केंद्रीय विद्यालय संगठन के पक्ष में किए जाने तथा विद्यालय संचालन के लिए उपयुक्त अस्थायी भवन उपलब्ध कराए जाने के बाद विद्यालय स्थापना को स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने द्वाराहाट में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री और केंद्रीय विद्यालय संगठन का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय खुलने से क्षेत्र में शिक्षा का बेहतर वातावरण तैयार होगा और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इससे दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों को भी आधुनिक शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# स्वरोजगार से बदली भावना देवी की जिंदगी

कोटाबाग (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित स्वरोजगार एवं आजीविका संवर्धन योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन में बदलाव ला रही हैं। नैनीताल जनपद के कोटाबाग ब्लॉक स्थित गिन्ती गांव निवासी भावना देवी ने सरकारी सहायता और अपनी मेहनत के दम पर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम की है। भावना देवी पत्नी दोसरी लाल ने संगठन एवं सीएलएफ स्तर पर व्यक्तिगत उद्यमिता को अपनाते हुए बकरी पालन का कार्य शुरू किया। उन्हें आरईएपी योजना के अंतर्गत लगभग 19 हजार 500 रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने अपने स्वरोजगार की शुरुआत की। वर्तमान में उनका यह कार्य नई किरण समूह के अंतर्गत सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। शुरुआत में भावना देवी ने 10 बकरियों के साथ बकरी पालन शुरू किया था। मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने इस इकाई का विस्तार करते हुए



बकरियों की संख्या 22 तक पहुंचा दी। इस दौरान उन्होंने कुछ बकरियों की बिक्री कर करीब 32 हजार रुपये की आय भी अर्जित की, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। आज भावना देवी न केवल अपने परिवार की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गई हैं। उनकी सफलता यह साबित करती है कि सरकारी योजनाओं का सही लाभ और आत्मविश्वास के साथ किया गया प्रयास ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि भावना देवी की सफलता से क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार अपनाने की प्रेरणा मिल रही है। उनकी यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल अभियान को भी मजबूती प्रदान कर रही है।

# वेदिक ग्लोबल स्कूल के छात्र ने जीता स्वर्ण पदक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित शिवालिक हॉल में आयोजित उत्तराखंड राज्य स्तरीय वोविनाम चौम्पियनशिप 2026 में वेदिक ग्लोबल स्कूल के छात्र मोहम्मद असद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। छात्र की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों में खुशी का माहौल है। 17 मई 2026 को आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेशभर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता के दौरान मोहम्मद असद ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। विद्यालय प्रबंधन ने छात्र की सफलता को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार वेदिक ग्लोबल स्कूल को हाल ही में आध निक एवं समग्र शिक्षा प्रणाली के अनुरूप नए स्वरूप में विकसित किया गया है। विद्यालय में वर्तमान में नर्सरी से कक्षा



आठ तक शिक्षण कार्य संचालित किया जा रहा है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में रोबोटिक्स क्लासेस, जूजुत्सु प्रशिक्षण, आधुनिक कंप्यूटर लैब एवं गतिविधि आध ारित शिक्षण व्यवस्था शुरू की गई है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य केवल शैक्षणिक शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों को खेल, तकनीक, आत्मरक्षा, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता के क्षेत्र में भी आगे बढ़ाना है। विद्यालय भविष्य में शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में नई पहचान स्थापित करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधन समिति ने मोहम्मद असद सहित सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल बच्चों में आत्मविश्वास, टीम भावना एवं संघर्षशीलता विकसित करते हैं, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव साबित होते हैं।

# नगर निगम में हर शनिवार रहेगा 'नो व्हीकल डे'

रुद्रपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में ऊर्जा संरक्षण और ईंधन बचत को लेकर दिए गए संदेश के क्रम में अब रुद्रपुर नगर निगम भी इस अभियान में जुड़ रहा है। महापौर विकास शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम में प्रत्येक शनिवार को "नो व्हीकल डे" के रूप में मनाया जाएगा। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील के बाद उत्तराखंड शासन के मुख्य सचिव द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में नगर निगम प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य ईंधन की बचत, पर्यावरण संरक्षण और आमजन में जागरूकता बढ़ाना है। महापौर ने बताया कि नगर निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्रत्येक शनिवार को कार्यालय आने-जाने के लिए निजी पेट्रोल-डीजल वाहनों का उपयोग नहीं करेंगे। इसके स्थान पर कर्मचारी साइकिल,



ई-रिक्शा, सार्वजनिक परिवहन अथवा पैदल कार्यालय पहुंचने के लिए प्रेरित किए जाएंगे। महापौर ने कहा कि आज तेजी से बढ़ते प्रदूषण और ईंधन की खपत को देखते हुए यह पहल समय की आवश्यकता है। यदि समाज का हर वर्ग सप्ताह में एक दिन भी निजी वाहन का उपयोग कम करे तो इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ईंध न की बड़ी बचत संभव है। उन्होंने कहा कि नगर निगम स्वयं इस अभियान की शुरुआत कर जनता के सामने उदाहरण प्रस्तुत करेगा। साथ ही भविष्य में शहरवासियों को भी इस मुहिम से जोड़ने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। महापौर विकास शर्मा ने नगर निगम कर्मचारियों और अधिकारियों से इस आदेश का गंभीरता से पालन करने की अपील करते हुए कहा कि यह केवल सरकारी निर्देश नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए एक सामाजिक जिम्मेदारी भी है। महापौर ने बताया कि सफाई व्यवस्था, कूड़ा निस्तारण और अन्य आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनों को इस व्यवस्था से छूट प्रदान की गई है, ताकि जनसेवाएं प्रभावित न हों। महापौर ने कहा कि "नो व्हीकल डे" अभियान रुद्रपुर को स्वच्छ, हरित और पर्यावरण के प्रति जागरूक शहर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# फॉगिंग के दौरान हुआ विवाद, सफाई कर्मचारियों ने कोतवाली का किया घेराव

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने फॉगिंग के दौरान एक कर्मचारी से मारपीट का प्रयास किए जाने के विरोध में कोतवाली पहुंचकर हंगामा किया तथा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर घेराव किया। मामले को लेकर काफी देर तक कोतवाली परिसर में गहमागहमी का माहौल बना रहा। जानकारी के अनुसार नगर पालिका के सफाई कर्मचारी क्षेत्र में मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग मशीन से धुएं का छिड़काव कर रहे थे। इसी दौरान एक सफाई कर्मचारी वार्ड नंबर 11 क्षेत्र में पहुंचा, जहां दुकानदार लवी चंद्रा अपने ठेले पर आमलेट बना रहा था। धुएं का छिड़काव होने पर दुकानदार ने इस पर आपत्ति जताई। आरोप है कि इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। सफाई कर्मचारियों का आरोप है कि लवी चंद्रा ने पाटल लेकर कर्मचारी पर हमला करने का



प्रयास किया तथा उसके पीछे दौड़ लगा दी। घटना की सूचना मिलने पर वार्ड प्रतिनिधि बिल्लन चौधरी भी मौके पर पहुंचे। कर्मचारियों का आरोप है कि विवाद शांत कराने के बजाय उन्होंने कर्मचारियों के खिलाफ भड़काऊ बातें कहीं, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। घटना से नाराज नगर पालिका के सफाई कर्मचारी एकत्र होकर कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर घेराव कर दिया। कर्मचारियों ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर मामले में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। वहीं दूसरी ओर लवी चंद्रा ने सफाई कर्मचारियों पर मारपीट करने और दुकान में तोड़फोड़ का आरोप लगाया है। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ आरोप लगाए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

जसपुर (उद संवाददाता)। 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म और मारपीट के मामले में जसपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 24 मई 2026 को वादी द्वारा कोतवाली जसपुर में तहरीर देकर बताया गया कि 23 मई की शाम उसकी भाभी रोज की तरह जानवर चराने के लिए गई थीं। आरोप है कि इसी दौरान एक सफेद दाढ़ी वाले व्यक्ति ने महिला के साथ मारपीट कर गलत काम करने का प्रयास किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंहनगर के निर्देश पर कोतवाली जसपुर में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा संख्या 196/2026 ध ारा 62, 64(1) एवं 115(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस



अधीक्षक काशीपुर और क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन कर मामले की जांच शुरू की गई। विवेचना महिला उप निरीक्षक रूचिका चौहान को सौंपी गई। पूछताछ के दौरान पीड़िता ने अपने साथ दुष्कर्म होने की बात बताई, जिसके बाद मुकदमे में दुष्कर्म की धाराएं बढ़ाई गईं। जांच के दौरान पीड़िता ने आरोपी की पहचान कक्का सिंह उर्फ भजन सिंह पुत्र कपूर सिंह निवासी गोरा फार्म हल्दुवाशाहू थाना कुण्डा के रूप में की। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को 26 मई को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किए जाने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में हल्द्वानी उपकारागार भेज दिया गया। मामले के खुलासे में प्रभारी निरीक्षक राजेश पाण्डेय, वरिष्ठ उप निरीक्षक भूपाल राम पौरी, उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद, उप निरीक्षक संतोष देवरानी, उप निरीक्षक हरीश आर्या, महिला उप निरीक्षक रूचिका चौहान, कांस्टेबल कुलदीप सिंह, विपिन चन्द्र, अरुण कुमार, भवान सिंह एवं होमगार्ड दीक्षित कुमार शामिल रहे।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

## विजय आयुर्वेद क्लीनिक पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# घाटे वाले तेरा शुक्रिया तूने जीवन में सब कुछ दिया..

## दिनेशपुर बालाजी मंदिर में सजा बालाजी महाराज का भव्य दरबार

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के तत्वावधान में श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में चोला श्रृंगार, विशाल भंडारा एवं भव्य श्री बालाजी दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महंत गौरव अग्रवाल के सानिध्य में संपन्न हुआ, जिसमें दूर दराज से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्योत प्रज्वलित कर गुरु वंदना, गणेश वंदना, प्रेतराज जी की आरती एवं हनुमान चालीसा के पाठ के साथ हुआ। दरबार में पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने महंत गौरव अग्रवाल का फूल मालाओं से स्वागत किया। दरबार में धूपड़ों की सेवा वरिष्ठ बाबा भक्त सरदार मनजीत सलूजा द्वारा दी गई। इसके बाद महंत गौरव अग्रवाल ने ओ जाने वाले जरा रुक जाना बाबा का जयकारा ले ले सहित कई भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। बाद में महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। दरबार में शिव कुमार ने बोलो श्री राम जय राम जय जय राम, बिट्टू अरोरा ने संत भक्त हितकारी मेरे राम जी पधारे, हरिचरण सिंह ने जो प्रेम से बोलेगा बाबा के जयकारे, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, अजय जायसवाल ने घाटे वाले तेरा शुक्रिया तूने जीवन में सब कुछ दिया, सुनील कुमार ने राम का ऐसा दीवाना दूसरा कोई नहीं, जय प्रकाश गर्ग ने बजरंग बाला फेरूं तेरी माला, सुरेश मित्तल ने सीताराम सीताराम सीताराम कहिए तथा राजपाल सैनी ने लगन तुमसे लगा बैठे भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद बाबा का पच्चीसा हुआ तथा श्री सीताराम जी, श्री बालाजी महाराज एवं श्री भैरव बाबा की आरती की गई। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में बलदेव डाबर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, खैरात कुमार, आयुष अरोड़ा, सुधीर गगनेजा, सत्यम जायसवाल, पवन अरोड़ा, डीके कारगेती, राजपाल सैनी, दीपु सैनी, कालू चावला, राम अवतार गुप्ता, मदन लाल खन्ना, सतीश सागर, शिव कुमार, सुनील कुमार, लवी अरोरा, हरिचरण सिंह, बिट्टू अरोरा, तुषार गर्ग, एडवोकेट सौरभ अग्रवाल, सन्नी नारंग, मेघराज, अजय जायसवाल, सुरेश मित्तल, केसर पाहवा, अंश अरोरा, उमा शंकर कश्यप, अमन श्रीवास्तव एवं सोनू कोली सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।










## पशु चराने गए परिवार पर हमला

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र में पशु चराने गए एक परिवार पर कुछ लोगों द्वारा लाठी डंडों से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली सितारगंज में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बैकुंठपुर शक्तिफार्म नंबर एक निवासी सुलेमान पुत्र मोहम्मद बसीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 मई की सुबह उनका परिवार लगभग 120 भैंसों एवं कुछ गायों को लेकर तिलियापुर क्षेत्र की ओर पशु चराने गया था। आरोप है कि शाम करीब साढ़े चार बजे जब परिवार के सदस्य बेगुलडैम क्षेत्र पहुंचे, तभी कुछ लोगों ने उनके भाई साहिद अली उर्फ अल्ली और अन्य लोगों पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष के अनुसार मारपीट में साहिद अली गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है। आरोप है कि हमलावरों ने पशुओं को भी इधर उधर भगा दिया तथा दोबारा उस क्षेत्र में भैंसें लाने पर जान से मारने की धमकी दी। सुलेमान ने तहरीर में कई लोगों को नामजद करते हुए आरोप लगाया कि संबंधित लोग क्षेत्र में दबंगई करते हैं और पूर्व में भी विभिन्न मामलों में चर्चित रहे हैं। तहरीर में कुछ आरोपियों पर वन विभाग की लकड़ियों की तस्करी से जुड़े होने का आरोप भी लगाया गया है।

## प्रतिभावान खिलाड़ियों को खेल किट और मल्टीविटामिन वितरित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया एवं मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी के विशेष प्रयासों तथा उप जिलाधिकारी रुद्रपुर मनीष बिष्ट के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में खेल प्रतिभावान खिलाड़ियों को मल्टीविटामिन किट, खेल किट, शूज एवं ड्राई फ्रूट वितरित किए गए। जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनपद के पदक विजेता एवं प्रतिभावान खिलाड़ियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस पहल के अंतर्गत ए श्रेणी के पांच तथा बी श्रेणी के सात खिलाड़ियों सहित कुल 12 खिलाड़ियों को मल्टीविटामिन, खेल किट, जूते एवं ड्राई फ्रूट वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं एवं खेल संसाधन उपलब्ध कराना आवश्यक है, ताकि वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार के प्रयास लगातार जारी रहने चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी ने कहा कि युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। बेहतर सुविधाएं मिलने से नई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा और जनपद का नाम रोशन होगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी किच्छा गौरव पांडे, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, एथलीट कोच रघुवीर सिंह, हरीश राम एवं हॉकी कोच मोहित सहित अन्य अधिकारी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे। खिलाड़ियों ने जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हें अभ्यास और प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।







**Guru Maa Enterprises**

RUDRAPUR - 9927882338, KASHIPUR- Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555, HALDWANI - Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, Punjab Electronics - 9837040878, GEE AAR Elc- 9719077772, Hitesh Electricals- 9897894211, Bunty Mobile- 7500000266, SAMBHAL - Aiaza Mart- 9837254639, GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544, LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, KOTDWAR - Shree Keshav Electronics- 9205867411, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.


## किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

गदरपुर (उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन ने किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा। ज्ञापन की प्रति उप जिलाधिकारी गदरपुर रिचा सिंह को भी सौंपी गई। कुमाऊं मंडल महासचिव विक्रम सिंह गौराया के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि वर्ग चार की भूमि पर नजूल जमा करने वाले किसानों के मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाए तथा उनके नाम खतौनी में दर्ज किए जाएं। किसानों का कहना है कि लंबे समय से यह मामला लंबित होने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में लावारिस पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान और सड़क दुर्घटनाओं पर भी चिंता जताई गई। संगठन ने मांग की कि लावारिस पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए तथा दुर्घटनाओं में प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए। भारतीय किसान यूनियन ने क्षेत्र में लगातार हो रही ट्यूबवेल मोटरों की चोरी की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने की बात कही। साथ ही उत्तर प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखंड में भी किसानों के ट्यूबवेल के बिजली बिल माफ किए जाने की मांग की गई। इस अवसर पर विक्रम सिंह गौराया, हरपाल सिंह, हरप्रीत सिंह, हैप्पी विर्क, मनमोहन सिंह, टाहला राम, गुरनाम कंबोज, बंटी मैनी, हरविंदर सिंह, उत्तमचंद सहित अन्य किसान मौजूद रहे।



## गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण कार्य शीघ्र करें पूरा: कैड़ा

भीमताल (उद संवाददाता)। केबिनेट मंत्री रामसिंह कैडा ने लोनिवि अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा के चाफी से पदमपुरी– धारी तक मोटर मार्ग लम्बे समय से खराब था, जिस कारण ग्रामीणों, किसानो, पर्यटको को अवागमन में काफी परेशानियों का समना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने उनसे मोटर मार्ग पर डामरीकरण करने की मांग की। उन्होंने बताया जनता की समस्याओं को देखते हुऐ लोक निर्माण विभाग के अधिकारियो से डीपीआर तैयार कर शासन को भेजनें को कहा था। मंत्री कैड़ा ने मोटर मार्ग पर डामरीकरण के लिए 9करोड़ 37 लाख स्वीकृति कराने के बाद मोटर मार्ग पर हो रहे डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। अधिकारीयों को गुणवत्ता के साथ डामरीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए जिससे जनता की समस्या का समाधान हो सके। मंत्री कैड़ा ने कहा लगातार मोटर मार्गो पर डामरीकरण कार्य किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान हो सके। मंत्री कैड़ा ने कहा भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा, धारी,, रामगढ़ व भीमताल ब्लॉक सहित प्रदेश के क्षतिग्रस्त मोटर मार्गो पर लगातार डामरीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। हर क्षेत्र में जनता की समस्याओं का समाधान हो इस दिशा मै प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है।



# धर्मांतरण गिरोह पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार गिरफ्तार

## एसएसपी किया खुलासा, गरीब और थारू समाज के लोगों को बनाया जा रहा था निशाना

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊधमसिंहनगर पुलिस ने अवैध धर्मांतरण से जुड़े एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि खटीमा और नानकमत्ता क्षेत्र में गरीब, भोले भाले, थारू समाज एवं अनुसूचित जाति के लोगों को पैसों, इलाज, आर्थिक सहायता और अन्य प्रलोभनों का लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रभावित किया जा रहा था। विरोध करने वालों को धमकाने और परिवार को नुकसान पहुंचाने की चेतावनी देने के भी आरोप सामने आए हैं। एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार धर्मांतरण जैसे संवेदनशील मामलों में पुलिस पूरी गंभीरता और सख्ती के साथ कार्रवाई कर रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गरीबों और असहाय लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर धर्म परिवर्तन कराने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पत्रकार वार्ता में एसएसपी ने बताया कि 23 मई 2026 को ग्राम दियां निवासी निवलेश राणा ने कोतवाली खटीमा में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पति संदीप सिंह राणा, कमलजीत सिंह एवं दान सिंह राणा उस पर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बना रहे थे। आरोप था कि विरोध करने पर गाली गलौज की गई तथा जान से मारने और बच्चों को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई। इस शिकायत के आधार पर कोतवाली खटीमा में मुकदमा दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी दान सिंह राणा आम जनता, विशेषकर थारू समाज एवं गरीब परिवारों को बीमारी ठीक कराने, पारिवारिक परेशानियां दूर करने और आर्थिक सहायता दिलाने का लालच देता था। पुलिस के अनुसार आरोपियों द्वारा ईसाई धर्म अपनाने पर प्रतिमाह छह हजार रुपये और एकमुश्त दो लाख रुपये देने का प्रलोभन दिया जाता था। एसएसपी ने बताया कि इससे पहले 10 मई 2026 को रामपाल निवासी मुण्डेली द्वारा भी कोतवाली खटीमा में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि जय सिंह राणा, द्रौपदी राणा एवं सुनील जार्ज पास्टर उर्फ सुनील जार्ज



मसीह द्वारा थारू बाहुल्य गांवों और अनुसूचित जाति के गरीब परिवारों को लगातार निशाना बनाया जा रहा था। आरोपियों द्वारा लोगों को प्रार्थना सभाओं में बुलाया जाता था, हिंदू धर्म के प्रति भ्रामक एवं अपमानजनक बातें कही जाती थीं तथा ईसाई धर्म से संबंधित पुस्तकें वितरित कर लोगों को प्रभावित किया जाता था। पुलिस के अनुसार लोगों को मानसिक रूप से धर्म परिवर्तन के लिए तैयार किया जा रहा था और विरोध करने या किसी अन्य को जानकारी देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी जाती थी। इस मामले में कोतवाली खटीमा में मुकदमा संख्या 139/2026 धारा 196(2), 303 बीएनएस एवं उत्तराखंड धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा 3/5 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी अजय गणपति के निर्देश पर विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर एवं क्षेत्राधिकारी खटीमा के पर्यवेक्षण में गठित टीमों ने लगातार दबिश और तलाश अभियान चलाया। 27 मई को पुलिस ने दोनों मुकदमों में वांछित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अन्य नामजद आरोपियों की तलाश में भी जुटी हुई है। गिरफ्तार आरोपियों में दान सिंह पुत्र चमन सिंह राणा निवासी मोहम्मदपुर भुडिया थाना खटीमा, जय सिंह पुत्र परशुराम राणा निवासी कुटरी चकरपुर थाना खटीमा, द्रौपदी राणा पत्नी जय सिंह राणा निवासी कुटरी चकरपुर थाना खटीमा तथा सुनील जार्ज पास्टर उर्फ सुनील जार्ज मसीह पुत्र तरसेम सिंह निवासी भूड महोलिया थाना खटीमा शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी दान सिंह राणा के कब्जे से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार मोबाइल फोन से धर्मांतरण से संबंधित कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं। इनमें प्रार्थना सभाओं की फोटो और वीडियो, लोगों को स्नान कराकर धर्म परिवर्तन कराने से संबंधित सामग्री, पैसों के लेनदेन के स्क्रीनशॉट, धर्मांतरण के लक्ष्य निधारित करने से जुड़े लेख और ऑडियो रिकॉर्डिंग शामिल हैं। पुलिस को वादिनी के पति को बच्चों के आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों के साथ बुलाने से संबंधित बातचीत भी मोबाइल से प्राप्त हुई है। एसएसपी अजय गणपति ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दान सिंह राणा के खिलाफ पूर्व में भी धर्मांतरण एवं अन्य मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि जनपद में अब तक धर्मांतरण से जुड़े चार मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं और ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि ऊधमसिंहनगर पुलिस कानून व्यवस्था, सामाजिक सौहार्द एवं सभी वर्गों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यदि कोई व्यक्ति लालच, भय या दबाव के माध्यम से गरीब और भोले भाले लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करेगा तो उसके खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र साह, वरिष्ठ उप निरीक्षक केसी आर्या, उप निरीक्षक अशोक काण्डपाल, उप निरीक्षक विकास कुमार, कांस्टेबल मोहम्मद मोहसिन, कांस्टेबल नरेंद्र लाल टम्टा, कांस्टेबल कमल पाल एवं महिला कांस्टेबल पूजा जोशी शामिल रहे।

# विधायक शिव ने किया वीर हकीकत राय मार्ग का लोकार्पण

## 2.82 करोड़ की योजना से मुख्य बाजार की सड़क का हो रहा कायाकल्प

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने बुधवार को मुख्य बाजार स्थित वीर हकीकत राय मार्ग के हॉटमिक्स निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर लोकार्पण किया। यह मार्ग राज्य योजना के अंतर्गत 2 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत आंतरिक मार्ग निर्माण योजना का हिस्सा है। लगभग 300 मीटर लंबे मार्ग के निर्माण से बाजार क्षेत्र के व्यापारियों एवं आम लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। लोकार्पण कार्यक्रम से पूर्व मुख्य बाजार में पहुंचने पर स्थानीय व्यापारियों ने विधायक शिव अरोरा का फूल मालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान क्षेत्र के व्यापारी एवं स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शिव अरोरा ने कहा




कि राज्य योजना के अंतर्गत रुद्रपुर मुख्य बाजार में करीब दो किलोमीटर लंबी सड़कों के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए थे, जिनमें वीर हकीकत राय मार्ग भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग को पहले की तुलना में दोगुना चौड़ा करते हुए हॉटमिक्स तकनीक से तैयार किया गया है, जिससे यह मुख्य बाजार की सबसे चौड़ी सड़क बन गई है। उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्र की अधिकांश सड़कें अब बेहतर स्थिति में पहुंच चुकी हैं। गुप्ता मेडिकल गली, डॉक्टर डोगरा वाली गली, डॉक्टर बठला वाली गली, गुरुद्वारा गोल मार्केट, पंजाबी मार्केट तथा पांच मंदिर मार्ग सहित कई प्रमुख सड़कों का निर्माण कार्य कराया जा चुका है। विधायक ने कहा कि उनके कार्यकाल में दशकों से जर्जर पड़ी सड़कों की तस्वीर बदलने का कार्य किया गया है और आने वाले समय में भी विकास कार्यों का यह क्रम लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छाबड़ा,अध्यक्ष संदीप राव, आशू मिड्डा, मनोज मदान, राजेश कामरा, बंटी बांगा, जिम्मी बांगा, रिंकू चावला, सुरेंद्र गंगवार, अशोक कुमार, उमेश पासरीचा, सोनू खुराना, विक्की घई सहित अनेक व्यापारी एवं क्षेत्रवासी रहे।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह का अधिकारियों ने किया स्वागत

पंतनगर। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह बुधवार को नैनीताल से पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचने पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति एवं पंतनगर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय के कुलपति शिवेंद्र कुमार कश्यप ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। राज्यपाल कुछ समय अल्प विश्राम के बाद दिल्ली के लिए रवाना हो गए।उनके आग मन को लेकर एयर पोर्ट परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, पंतनगर एयरपोर्ट के निदेशक पवन कुमार, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चौधरी, डॉ. उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, तहसीलदार दिनेश कुटौला सहित अन्य अधिकारी रहे।



# 580 ग्राम चरस के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन भी किया सीज

खटीमा (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार एवं नशा मुक्त अभियान के तहत खटीमा पुलिस ने चार नशा तस्करों को 580 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन को भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार 27 मई को खटीमा पुलिस टीम द्वारा सितारगंज रोड क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान काले रंग की स्कॉर्पियो वाहन संख्या यूके03बी 0007 को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें सवार चार युवकों के कब्जे से 580 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।




गिरफ्तार आरोपियों में अमित सिंह पुत्र आनन्द सिंह निवासी ग्राम बुन्देलाढेक थाना लोहाघाट जिला चम्पावत, सूरज सिंह पुत्र विजय सिंह निवासी ग्राम बुन्देलाढेक थाना लोहाघाट जिला चम्पावत, सूरज सिंह पुत्र नवीन सिंह निवासी ग्राम खूटी बाजरीकोट थाना चम्पावत जिला चम्पावत तथा मनीष सिंह पुत्र सुन्दर सिंह निवासी ग्राम त्यारसों जनकांडे थाना पाटी जिला चम्पावत शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही बरामद स्कॉर्पियो वाहन को भी सीज कर दिया गया है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक विकास कुमार प्रभारी चौकी चकरपुर, अपर उप निरीक्षक नाथ सिंह, हेड कांस्टेबल संजय कुमार एवं हेड कांस्टेबल रविंद्र नाथ शामिल रहे।

# विधायक शुक्ला ने कुलपति का जताया आभार

रुद्रपुर। पंडित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर के ठेका कर्मियों एवं श्रमिकों को पिछले तीन वर्षों से लंबित महंगाई भत्ते का लाभ मिलने का रास्ता साफ हो गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा महंगाई भत्ता जारी किए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शिवेंद्र कश्यप द्वारा ठेका श्रमिकों के हित में लिए गए इस निर्णय पर उनका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से महंगाई भत्ते का लाभ नहीं मिलने के कारण श्रमिकों में असंतोष था और आर्थिक परेशानियां भी बढ़ रही थीं। राजेश शुक्ला ने बताया कि उन्होंने 28 अप्रैल को विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलपति डॉ. शिवेंद्र कश्यप से मुलाकात कर इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। इस दौरान श्रमिक हितों को ध्यान में रखते हुए जल्द महंगाई भत्ता जारी किए जाने की मांग की



गई थी। उन्होंने बताया कि कुलपति के निर्देश पर संयुक्त निदेशक श्रम कल्याण द्वारा आदेश जारी करते हुए विश्वविद्यालय के सभी ठेका कर्मियों एवं मजदूरों को महंगाई भत्ते का लाभ दिए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि यह निर्णय श्रमिक हितों की दिशा में महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कदम है, जिससे हजारों श्रमिकों और उनके परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी। उन्होंने श्रमिकों के हित में संवेदनशील निर्णय लेने के लिए कुलपति डॉ. शिवेंद्र कश्यप एवं विश्व विद्यालय प्रशासन का आभार जताया।



# यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष कन्याल का भव्य स्वागत

शक्तिफार्म। यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नीरज सिंह कन्याल के प्रथम बार शक्तिफार्म पहुंचने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और नारों के साथ उनका अभिनंदन करते हुए संगठन के प्रति उत्साह जाहिर किया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अपने संबोधन में नीरज सिंह कन्याल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा युवाओं, किसानों, मजदूरों और आम जनता की आवाज उठाने का कार्य करती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को राजनीति में आगे आकर क्षेत्र और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। वहीं शक्तिफार्म ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि शक्तिफार्म क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी लगातार जनहित के मुद्दों को उठाती रही है और कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ जनता के बीच काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी एकता बनाए रखते हुए संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सितारगंज ब्लॉक अध्यक्ष रणजीत राणा, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सुमिंदर यादव, नगर अध्यक्ष विनय विश्वास, यूथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष मनोज सुतार, यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अमित सरकार, सपना ओझा, गुड़िया मंडल, सुकुमार चक्रवर्ती, अर्जुन विश्वास, सागर मंडल, नारायण सरकार, रंजीत, बसंती, अमित मलिक एवं राजीव मंडल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पूर्णागिरि मार्ग पर सघन चेकिंग, 60 वाहनों के चालान

चम्पावत (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर संभागीय परिवहन विभाग ने पूर्णागिरि मार्ग पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान विभिन्न अनियमितताओं में कुल 60 वाहनों के चालान किए गए, जबकि दो वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया गया। संभागीय परिवहन अधिकारी मनोज बगोरिया के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में ओवरलोडिंग के मामलों में सबसे अधिक कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग की टीम ने ओवरलोडिंग में 26 वाहनों के चालान किए। इसके अलावा बिना टैक्स जमा किए संचालित हो रहे 19 वाहनों, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहे सात चालकों, बिना परमिट संचालित चार वाहनों, ड्रिंक एंड ड्राइव के दो मामलों तथा बिना फिटनेस के चल रहे एक वाहन का चालान किया गया। अन्य नियमों के उल्लंघन में भी एक वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग ने प्रवर्तन कार्रवाई के साथ सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया। पुलिस विभाग के सहयोग से वाहन चालकों एवं यात्रियों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रयोग तथा शराब पीकर वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। अभियान के दौरान परिवहन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



# संदिग्ध हालतों में मासूम पुत्री सहित महिला लापता

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र के ग्राम गोविन्द नगर पड़ागांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और मासूम पुत्री के अचानक लापता हो जाने पर थाना सितारगंज में तहरीर देकर उनकी तलाश कराने की मांग की है। घटना के बाद परिवार में चिंता और भय का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गोविन्द नगर पड़ागांव शक्तिफार्म निवासी राजीव मंडल पुत्र निरंजन मंडल ने थाना सितारगंज में दी गई तहरीर में बताया कि 26 अप्रैल 2026 की सुबह लगभग साढ़े दस बजे उनकी पत्नी ज्योती मंडल अपनी पुत्री रुद्राक्षी मंडल को साथ लेकर कहीं चली गईं। काफी समय बीत जाने के बाद भी दोनों वापस घर नहीं लौटीं। राजीव मंडल के अनुसार परिजनों ने संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की तथा रिश्तेदारों और परिचितों से भी संपर्क किया, लेकिन पत्नी और पुत्री का कोई सुराग नहीं मिल सका। उन्होंने बताया कि पत्नी के मोबाइल नंबर लगातार बंद आ रहे हैं, जिससे परिवार की चिंता और बढ़ गई है। तहरीर में राजीव मंडल ने आशंका जताई है कि उनकी पत्नी और पुत्री के साथ कोई अनहोनी घटना भी हो सकती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर जल्द से जल्द दोनों की तलाश किए जाने की मांग की है। घटना को लेकर क्षेत्र में भी चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त होने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



# एक जून से शुरू होगा स्वनिधि महोत्सव, निकायवार रोस्टर जारी

चम्पावत (उद संवाददाता)। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार तथा शहरी विकास निदेशालय के निर्देशों के तहत जनपद चम्पावत के सभी निकायों में एक जून से 30 जून 2026 तक स्वनिधि महोत्सव, लोक कल्याण मेला और स्वनिधि शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों के संचालन के लिए नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों का रोस्टर जारी कर दिया गया है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका चम्पावत एवं नोडल अधिकारी भरत त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रमों का उद्देश्य पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को विभिन्न सुविधाओं और योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही लाभार्थियों की सफलता की कहानियों को साझा कर योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान की शुरुआत नगर पंचायत बनबसा से होगी, जहां दो एवं तीन जून को नगर पंचायत कार्यालय सभागार में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद नगर पालिका परिषद टनकपुर में नौ एवं 10 जून को नगर पालिका कार्यालय सभागार में आयोजन होगा। नगर पालिका परिषद चम्पावत में 16 एवं 17 जून को नगर पालिका स्थित बारात घर में शिविर लगाए जाएंगे, जबकि अभियान का समापन नगर पालिका परिषद लोहाघाट में 23 एवं 24 जून को नगर पालिका कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रमों के साथ होगा। सभी कार्यक्रमों का समय प्रात: 11 बजे से सायं चार बजे तक निधरित किया गया है। कार्यक्रमों के दौरान स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण सुविधा, क्रेडिट कार्ड, डिजिटल भुगतान प्रणाली एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा नए फेरी व्यवसायियों का सर्वेक्षण कर उन्हें पीएम स्वनिधि योजना से जोड़ा जाएगा। अधिकारियों के अनुसार कार्यक्रमों में बैंकों, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, डिजिटल भुगतान एग्रीगेटर्स तथा टाउन वेंडिंग समितियों के सहयोग से संयुक्त बैठकें भी आयोजित की जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक फेरी व्यवसायियों को योजना का लाभ मिल सके।

## पेज एक का शेष...

**शांतिपूर्ण मनी बकरीद...**कुर्बानी हो चुकी थी। इस त्यौहार का मुख्य सन्देश त्याग और बलिदान है। यह पर्व सिखाता है कि इंसान को अल्लाह की राह में अपनी सबसे प्रिय चीज का त्याग करने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। इससे पूर्व डाग स्क्वायड व बम निरोधक दस्ते द्वारा ईदगाह परिसर का बारीकी से निरीक्षण भी किया गया। वहीं पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की देख रेख में सुरक्षा व्यवस्था भी पूरी तरह से चौकस रही। इस मौके पर जाहिद रजा रिजवी, बाबू खान, परवेज अहमद, सलीम खान, नदीम खान, शाहिद रजा, डा. शाहखान राजशाही, फखरूद्दीन, जावेद खान, अख्तर अली, लियाकत खान, अबरार हुसैन, उमर अली, फैजान अहमद सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे। मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा ईद के मौके पर कुर्बानी की रस्म भी अदा की गई। हल्द्वानी- यहां ईद उल अजहा का पर्व शानौशौकत से मनाया गया। ईदगाह सहित सभी मस्जिदों में प्रात: ईद की नमाज पढ़ी गई। जामा मस्जिद, ईदगाह, आस्ताना जहांगीरी मस्जिद, मस्जिद चिराग अली शाह बाबा, जलाल शाह बाबा मस्जिद कसावान, इंदिरा नगर बड़ी मस्जिद, ताज मस्जिद, अक्कानी मस्जिद, गफ्फारी मस्जिद व बिलाली मस्जिद के साथ ही काठगोदाम की ईदगाह मस्जिद में बड़ी सेख्या में पहुंचे अकीदतमंदों ने नमाज अता कर अमन चैन की दुआऐं मांगी। इस दौरान सभी मस्जिदों में सुरक्षा के पूरे इंतजाम किये गये थे। नमाज के बाद जहां मुस्लिम समाज के लोगों ने गले मिल एक दूसरे को ईद की बधाई दी तो वहीं विभिन्न संगठनों से जुड़े तमाम लोगों ने भी नमाज स्थल पर पहुंचकर मुस्लिम समाज के लागों के गले मिल उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। गदरपुर- ईद-उल- अजहा का पर्व गदरपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक आस्था, भाईचारे और सौहार्द के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही नमाजियों का ईदगाह पहुंचना शुरू हो गया था। तय समय के अनुसार सुबह साढ़े सात बजे ईद-उल-अजहा की विशेष नमाज अदा की गई, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लेकर अल्लाह की बारगाह में सजदा किया। नमाज से पूर्व कारी जाने आलम ने तकरीर करते हुए ईद-उल-अजहा की अहमियत पर प्रकाश डाला। उन्होंने हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की कुर्बानी को इंसानियत के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि यह त्योहार त्याग, सब्र और अल्लाह की राह में कुर्बानी देने का संदेश देता है। नमाज के बाद कारी जाने आलम ने गदरपुर नगर, उत्तराखंड प्रदेश और पूरे देश की खुशहाली, तरक्की, अमन एवं भाईचारे के लिए विशेष दुआ कराई। उन्होंने लोगों से आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता बनाए रखने की अपील भी की। दुआ के दौरान नमाजियों ने देश की सलामती और इंसानियत की भलाई के लिए हाथ उठाकर दुआ मांगी। ईदगाह परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। स्थानीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी सुबह से ही मौके पर मौजूद रहे। नमाज के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने व्यवस्था संभाले रखी, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पूरे क्षेत्र में ईद-उल-अजहा का पर्व भाईचारे, मोहब्बत और धार्मिक सौहार्द के वातावरण में मनाया गया।

**उत्तराखंड सौर उर्जा ....**दर्ज की है। वर्तमान में उत्तराखण्ड लगभग 290 मेगावाट क्षमता के रेजिडेंशियल रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने में सफल हुआ है, जो ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने यूपीसीएल, ऊरेडा, पिटकुल, क्षेत्रीय अधिकारियों एवं इस अभियान से जुड़े सभी विभागों और संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता टीम उत्तराखण्ड के समन्वित प्रयासों और प्रतिबद्धता का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित सौर कौथिग, जन-जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक एवं अधिकारियों के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने प्रदेश में सौर ऊर्जा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार किया है। मुख्यमंत्री ने सीईईडब्लू की टीम के सहयोग और योगदान की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल सोलर संयंत्र स्थापित करना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ ऊर्जा क्रांति का सक्रिय भागीदार बनाना है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के व्यापक उपयोग से आम नागरिकों के बिजली खर्च में कमी आएगी, पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य मिलेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में उत्तराखण्ड नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में देश के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित होगा। इस अवसर पर विधायक सुरेश गड़िया, प्रमुख सचिव डॉ. आर. मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव विनय शंकर पांडेय, सीईईडब्लू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अरुणाभ घोष, पिटकुल के प्रबंध निदेशक डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक जी.एस. बुदियाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**भाजपा ने चार राज्यों में...**उन्हें पंजाब के प्रमुख उद्योगपतियों में भी गिना जाता है। माना जा रहा है कि आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी ने यह बदलाव किया है। उन्होंने सुनील जाखड़ का स्थान लिया है। हरियाणा में भाजपा ने डॉ. अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। उन्होंने मोहन लाल बड़ौली की जगह यह पद संभाला है। अर्चना गुप्ता इससे पहले भाजपा की प्रदेश महामंत्री और पानीपत जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभा चुकी हैं। इसके अलावा भाजपा ने अभिषेक देबराय को त्रिपुरा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी द्वारा किए गए इस संगठनात्मक फेरबदल को आगामी चुनावों और संगठन विस्तार की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।


**भाजपा राष्टीय अध्यक्ष आज...**मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे तथा मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बीसी खंडूड़ी के आवास पर जाकर उनके परिजनों से भेंट करेंगे। बीजापुर गेस्ट हाउस में सांसदों, विधायकों, प्रदेश पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों, जिला प्रभारियों एवं जिला अध्यक्षों के साथ अलग-अलग बैठकें प्रस्तावित हैं। वहीं शाम को मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी टीम और प्रवक्ताओं के साथ भी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दौरे के अंतिम दिन नितिन नवीन बूथ समिति, मंडल कार्यकारिणी, मेयर, जिला पंचायत अध्यक्षों और ब्लॉक प्रमुखों के साथ बैठक कर आगामी चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे। राजनीतिक जानकारों के अनुसार यह दौरा भाजपा संगठन को चुनावी मोड में सक्रिय करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।


**गैस लीक से भड़की...** रेफर कर दिया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद ईओएम डॉक्टर इकरार हुसैन ने घुलाते हुए लोगों का तत्काल प्राथमिक उपचार किया तथा आवश्यक दवाएं देने के बाद सभी घायलों को उच्च उपचार हेतु सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया जहां उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के दौरान क्षेत्र में चीख-पुकार मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। हालांकि गैस गोदाम में बड़ी संख्या में कमर्शियल सिलेंडर रखे होने के कारण लोग आग बुझाने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। लोगों को आशंका थी कि यदि सिलेंडरों में आग पकड़ गई तो बड़ा विस्फोट हो सकता है। फायर यूनिट किच्छा ने तत्परता दिखाते हुए लीकेज हो रहे सिलेंडर को कमरे से बाहर निकाला तथा मिनी फायर एक्सटिंग्विशर, होजरील और हौज पाइप की सहायता से आग पर पूरी तरह काबू पाया। मौके पर फायर स्टेशन रुद्रपुर की टीम भी पहुंच गई थी। इसके अलावा क्षेत्राधिकारी सितारगंज बस धोनी, कोतवालीप्रभारी निरीक्षक किच्छा रवि सैनीतथा पुलिस बल भी घटनास्थल पर मौजूद रहा।फायर टीम में डीवीआर मदन सिंह, एफएम भवान सिंह, एफएम प्रमोद सौन तथा संविदा चालक धीरज राणा शामिल रहे। पुलिस कर्मी रवि सैनी भी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में सहयोग किया। व्यापार मंडल के महामंत्री नितिन फुटेला ने भी घायलों की मदद की। फायर विभाग के अधिकारियों के अनुसार समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा गैस गोदाम में रखे सिलेंडरों के कारण बड़ा हादसा हो सकता था।

**चार धाम यात्रा से लौट...**पहुंचे और बताया कि वाहन में बैठी एक बुजुर्ग महिला कोई हरकत नहीं कर रही हैं। डॉक्टरों की टीम ने तुरंत वाहन के पास पहुंचकर महिला यात्री ज्ञानोवा सावंत पत्नी सानाबो निवासी ग्राम उखली, महाराष्ट्र की जांच की, जहां उन्हें भी मृत पाया गया। डॉ. दिव्या के अनुसार महिला का शरीर काफी अकड़ चुका था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उनकी मौत अस्पताल पहुंचने से करीब तीन से चार घंटे पहले ही रास्ते में हो चुकी थी। एक ही यात्रा दल के दो सदस्यों की मौत की खबर से अस्पताल परिसर और यात्रा मार्ग पर शोक का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलने पर थाना देवप्रयाग पुलिस मौके पर पहुंची। एसएसआई अरुण त्यागी ने पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचकर दोनों शवों का पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी की।

**अग्निकांड में दो मकान...**12 बजे देवेन्द्र सिंह रावत के दोमंजिला भवन में भीषण आग लग गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग से घर में रखा सामान, बर्तन, कपड़े, बिस्तर और अन्य घरेलू सामग्री पूरी तरह नष्ट हो गई। इसके अलावा एक गाय और उसका बछड़ा भी आग की चपेट में आकर जिंदा जल गए। दोनों घटनाओं की सूचना मिलने पर एसडीआरएफ, फायर सर्विस, पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। राजस्व विभाग द्वारा प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत सामग्री, राशन एवं कपड़े उपलब्ध कराए गए हैं। प्रशासन ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा और पुनर्वास सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

**पाकिस्तान से करोडों...**विभिन्न पहलुओं पर पड़ताल कर रही हैं। हालांकि मौके से कोई नकदी बरामद नहीं हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पोस्टग्रेजुएट युवती कुछ समय पहले कुछ लोगों के संपर्क में आई थी। आरोप है कि उसे दस्तावेज भेजकर बैंक खाते खुलवाने के लिए कहा गया था। इसके बाद उन खातों में विभिन्न राज्यों से रकम ट्रांसफर की जाती थी और बाद में उसे दूसरे खातों में भेजा जाता था। बताया जा रहा है कि प्रत्येक ट्रांजैक्शन के बदले युवती को 500 से 1000 रुपये तक कमीशन मिलता था। जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि युवती केवल मनी ट्रांसफर चेन का हिस्सा थी या उसे पूरे नेटवर्क और कथित पाकिस्तान कनेक्शन की जानकारी भी थी। मामले में और लोगों के नाम सामने आने की संभावना जताई जा रही है।




संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com, www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बकरीद पर मस्जिदों में अदा हुई नमाज, अमन और भाईचारे की मांगी दुआ

किच्छा/सितारगंज(उद संवाददाता)। ईद-उल-अजहा का पर्व किच्छा विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को श्रद्धा, उल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में



मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा कर देश में अमन, खुशहाली और आपसी सौहार्द की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। किच्छा नगर की जामा मस्जिद, छोटी मस्जिद, नूरी मस्जिद वार्ड नंबर सात सहित बंदिया, सिसैया, सिरौली, दरऊ, बखपुर, अलीनगर, शहदौरा, छीनकी, खमरिया और लालपुर शाहिद समेत विधानसभा क्षेत्र की सभी मस्जिदों में नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। पर्व को लेकर सुबह से ही मस्जिदों में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में सबसे पहले छोटी मस्जिद और नूरी मस्जिद वार्ड नंबर सात सहित अन्य मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। इसके बाद नगर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में अंतिम नमाज हुई, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर इबादत की। नमाज के दौरान मौलवियों और धर्मगुरुओं ने समाज में प्रेम, भाईचारा और इंसानियत बनाए रखने का संदेश दिया। जामा मस्जिद के संचालक जावेद मलिक ने क्षेत्रवासियों को बकरीद की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व त्याग, बलिदान और मानवता का संदेश देता है। उन्होंने



लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने और समाज में भाईचारे को मजबूत करने की अपील की। धर्मगुरुओं ने देश की तरक्की, शांति और खुशहाली के लिए विशेष दुआ भी कराई। पर्व को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क दिखाई दिया। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा और अधिकारियों ने लगातार निगरानी बनाए रखी। पूरे क्षेत्र में बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर लोगों ने खुशी जताई। इस अवसर पर जावेद मलिक, बिलाल, नजाकत खान, नाजिम मलिक, एनयू खान, सोनू सभासद, आरिफ कुरैशी, इदरीश कुरैशी सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक लोग मौजूद रहे।

**सितारगंज।** क्षेत्र में ईद उल अजहा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बृहस्पतिवार की सुबह 8 बजे ईदगाह में हजारों मुस्लिम समाज के लोगों को मुफ्ती मुकीम रजा ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई। इस दौरान उन्होंने आमजन और क्षेत्र की खुशहाली के लिए दुआएं की। बृहस्पतिवार को ईद उल अजहा का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ बनाया गया। ईदगाह और विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अकीकत के साथ अदा की गई। इसके बाद लोगों ने घरों में अल्लाह की याद में कुर्बानियां पेश की। इस दौरान को भूपेंद्र सिंह धोनी, कोतवाल सुंदरम शर्मा, उप निरीक्षक जावेद मलिक पुलिस व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। इस मौके पर अख्तियार पटौदी, सभासद रिहान अंसारी, इश्तियाक अंसारी, जिलानी अंसारी, हाजी शमशेर अली, साबिर अली, अबरार पटौदी, हनीफ बाबा, मुशीर लारी, बबलू हसन आदि मौजूद थे।

# सांप्रदायिक सौहार्द को और भी मजबूत करते हैं बकरीद जैसे पर्व

काशीपुर/जसपुर बाजपुर। इस्लाम धर्म के सबसे पवित्र और प्रमुख त्योहारों में से एक ईद-उल-अजहा (बकरीद) कुर्बानी की ईद समूचे देश के साथ-साथ यहां भी अकीदत व एहतराम के साथ मनाई जा रही है। इस मौके पर सुबह 8:00 बजे हजारों की तादाद में मुस्लिम भाइयों ने ईदगाह में पहुंचकर ईद-उल-अजहा की नमाज में मुल्क के तरक्की व अमन की दुआ की। नमाज अदा करने के बाद आपस में गले लगकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद पेश की। बकरीद, जिसे ईद-उल-अजहा या कुर्बानी की ईद भी कहा जाता है, इस्लाम धर्म के सबसे पवित्र और प्रमुख त्योहारों में से एक है। यह त्योहार आध्यात्मिक मायने, त्याग की भावना और समाज को एकजुट करने का एक बेहद खूबसूरत पैगाम समेटे हुए है। यह त्योहार हमें सिखाता है कि खुदा या समाज की भलाई के लिए जब भी अपनी सबसे प्यारी चीज का त्याग करना पड़े, तो इंसान को पीछे नहीं हटना चाहिए। भारत जैसे विविधता से भरे देश में बकरीद का त्योहार केवल एक समुदाय विशेष तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह साझा संस्कृति (गंगा-जमुनी तहजीब) का प्रतीक बन जाता है। इस दिन बनने वाले पकवानों का स्वाद हर धर्म के लोग मिलकर लेते हैं। मुस्लिम भाई अपने हिंदू, सिख और ईसाई दोस्तों को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद देते हैं और उन्हें अपने घर दावत पर बुलाते हैं। गांवों और शहरों में आज भी यह मिसाल देखने को मिलती है कि ईद के इंतजामों में गैर-मुस्लिम भाई बढ़-चढ़कर मदद करते हैं। यह इस बात का सबूत है कि देश में दिलों की दूरी मजहब से तय नहीं होती। आज के दौर में जब कुछ ताकतें समाज को बांटने की कोशिश करती हैं, तब बकरीद जैसे त्योहार एक पुल का काम करते हैं, जो हर धर्म के लोगों को एक दस्तरख्वान (खाने की जगह) पर लाकर बिठा देते हैं। गरीबों का हक (समानता) कुर्बानी के गोश्त (मांस) को तीन बराबर हिस्सों में बांटा जाता है। एक हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों के लिए, दूसरा रिश्तेदारों और दोस्तों के लिए, और तीसरा खुद के लिए। यह सिखाता है कि समाज में कोई भी भूखा नहीं सोना चाहिए। अहंकार का त्याग जानवर की कर्ुबानी सिर्फ एक प्रतीक है। असल मायने में इंसान को अपने भीतर के लालच, नफरत, अहंकार और स्वार्थ की कर्ुबानी देनी होती है। अमन और शांति श्ईदश का मतलब ही खुशी है और इस्लाम का मतलब शांति है। यह त्योहार दुनिया में अमन, चौन और आपसी तालमेल बनाए रखने का संदेश देता है।

# वीर सावरकर जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित

गदरपुर (उद संवाददाता)। मेरा युवा भारत ऊधम सिंह नगर के तत्वावधान में विकासखंड गदरपुर की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक तनीशा चावला द्वारा ग्राम सभा धनपुर विजयपुर के ग्राम चमनगंज में वीर स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विचार गोष्ठी, पौधरोपण एवं दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर ने वीर सावरकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक तनीशा चावला ने मुख्य अतिथि ज्योति ग्रोवर को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान मयंक कालरा एवं पूर्व प्रधान को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ज्योति ग्रोवर ने वीर सावरकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समाज सुधार के लिए समर्पित रहा। उन्होंने युवाओं से वीर सावरकर के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आहवान किया। पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मुस्कान चावला ने कहा कि



वीर सावरकर ने हिंदुत्व की विचारधारा का समर्थन किया तथा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर ने युवाओं के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके अलावा बालक एवं बालिका वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित कराई गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वार्ड सदस्य गौरव रल्हन, राखी सहित बड़ी संख्या में युवा एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# सीसी मार्ग और नाली मरम्मत कार्य का लोकार्पण किया

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। नगर पंचायत दिनेशपुर के वार्ड नंबर एक में बुधवार को सीसी मार्ग एवं नाली मरम्मत कार्य का लोकार्पण किया गया। नगर पंचायत चेयरपर्सन मनजीत कौर, पूर्व अध्यक्ष कावल सिंह विर्क तथा सभासद राखल मंडल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर निर्माण कार्य जनता को समर्पित किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। राज्य वित्त आयोग की अवशेष धनराशि से कराए गए इस विकास कार्य के तहत नारायण राय के घर से तुषार विश्वास की पत्नी मनजीत के घर तक सीसी मार्ग एवं नाली की मरम्मत कराई गई है। लंबे समय से क्षेत्र में जलभराव और खराब सड़क के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। निर्माण कार्य पूरा होने से अब वार्डवासियों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पूर्व अध्यक्ष कावल सिंह विर्क ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सहयोग से नगर में सड़क, नाली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। चेयरपर्सन मनजीत कौर ने कहा कि नगर पंचायत जनता से किए गए वादों को पूरा करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए नगरवासियों से सार्वजनिक वाटर कूलरों और प्याऊ को सुरक्षित रखने तथा पानी का दुरुपयोग न करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन अधिशासी अधिकारी मोहम्मद यामीन ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी अनिल मिश्रा, सहायक अभियंता सुरेश कुमार, कॉन्ट्रैक्टर अजय सिंह, जगमोहन पंत, बिजय ढाली, केडी जोशी, अमित सरकार, प्रकाश जोशी, सुभाष उपाध्याय, शिवकुमार और विक्रम मेहता सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



